
**दिनांक 13.01.2023 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति हमीरपुर की जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पत्यौरा डांडा एवं हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के निर्माण कार्यों एवं पुर्नगठन के 24 ग्रामीण पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 के सम्बन्ध बैठक का कार्यवृत्त**

दिनांक 13.01.2023 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में अपरान्ह 05:00 बजे जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति हमीरपुर की जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पत्यौरा डांडा एवं हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा तथा 24 ग्रामों की डी0पी0आर0 पर चर्चा एवं जल निगम (ग्रामीण) मुख्यालय, लखनऊ भेजने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुयी जिसमे जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 17.01.2023 को अनुमोदन किया गया। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहें:-

1. डा0 राम औतार, मुख्य चिकित्साधिकारी, हमीरपुर।
2. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति) हमीरपुर।
3. श्री विकास, जिला विकास अधिकारी, हमीरपुर।
4. श्रीमती कल्पना जायसवाल, बेसिक शिक्षा अधिकारी, हमीरपुर।
5. इं0 संदेश सिह तोमर, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
6. इं0 सुमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता (वि0 / यां0), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट।
7. श्री राम चरन सिंह, ए0डी0ओ0 (पंचायती राज), हमीरपुर।
8. श्री रवि पाल, एडिशनल डी0ए0ओ0, हमीरपुर।
9. श्री अमित कुमार, फॉरेस्टर, वन विभाग, हमीरपुर।
10. इं0 श्री रामफल, सहायक अभियन्ता, मौदहा बॉध निर्माण खण्ड, हमीरपुर।
11. श्री कुलदीप कुमार, अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, हमीरपुर।
12. श्री आशीष बाजपाई, सहायक अभियन्ता, एस०डब्लू०एस०एम०, हमीरपुर।
13. श्री पवन कुमार प्रजापति, डी0टी0एल0 (टी0पी0आई0) हमीरपुर।
14. श्री रामा कृष्न शुक्ल, सुपरविजन इंजीनियर, (पी०एम०सी०), हमीरपुर।
15. श्री मृत्युन्जय सिंह, क्यू0ए0 / क्यू0सी0 इंजीनियर (पी०एम०सी०), हमीरपुर।
16. श्री अभिषेक कुमार वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर (पी0एन0सी0-एस0पी0एम0एल0 जे०वी०), हमीरपुर।
17. श्री सुनील कुमार भारद्वाज, जनरल मैनेजर (जे०डब्ल्यू०आई०एल०-एस0पी0एम0एल0 जे०वी०), हमीरपुर।



पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा समूह पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत आच्छादित 148 ग्रामों में से 3 ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है एवं अन्य ग्रामों में भी कार्य प्रगति पर है।

Seen

ADM (N/G)
20/01/2022



Scanned by CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

इन्टेकवेलः—इस योजना के अन्तर्गत यमुना नदी पर 45 एमएलडी इन्टेकवेल का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी भौतिक प्रगति 30 प्रतिशत है, एवं वॉल के रि–इन्फोर्समेन्ट का कार्य प्रगति पर है जिसमें 38 मी0 ऊचाई के सापेक्ष 18.06 मीटर ऊचाई पूर्ण किया जा चुका है।

**डब्लू०टी०पी०:— (45 एम.एल.डी.)**

1. फिल्टर हाउस के अन्तर्गत सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इलेक्ट्रो–मेकेनिकल कार्य प्रगति पर है।
2. केमिकल हाउस के अन्तर्गत सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इलेक्ट्रो–मेकेनिकल कार्य प्रगति पर है।
3. पम्प हाउस के अन्तर्गत सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इलेक्ट्रो–मेकेनिकल कार्य प्रगति पर है।
4. मैकेनिकल वर्क –80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।
5. इलेक्ट्रो मैकेनिकल वर्क– 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

**सी०डब्लू०आर०:**—10 सी०डब्लू०आर० के सापेक्ष 5 नग सी0डब्लू0आर0 पर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष 5 नग सी0डब्लू0आर0 पर कार्य प्रगति पर है। 80 प्रतिशत निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ है।

**ओवर हैड टैंकः**—46 ओ०एच०टी० में से 9 पर कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 22 पर कार्य प्रगति पर है, शेष पर पर्याप्त मैन पावर न होने के कारण कार्य रूका हुआ है। 72 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है।

**रॉ–वाटर राईजिंगमेनः**—रॉ–वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 0.27 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से 0.27 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं रॉ–वाटर राईजिंगमेन बिछाये जाने का कार्य अभी तक प्रारम्भ नही किया गया है।

**क्लियर वाटर राईजिंगमेनः**—क्लियर वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 306.36 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 306.36 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 260 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है।

**वितरण प्रणालीः**—वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 908.886 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 908.886 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 741.30 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है। कार्य की गति धीमी है।

**नल संयोजनः**—47940 नल संयोजन में से 28657 नल संयोजन किये गये हैं, कार्य की गति धीमी है 03 नग गॉव में कमिशनिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा दिए गए नल संयोजन का साप्ताहिक लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा रहा है, जो कि निराशाजनक है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म के जनरल मैनेजर श्री सुनील भारद्वाज को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों पर पर्याप्त मानवश्रम उपलब्ध न होने के कारण योजना के सभी घटकों पर कार्य की प्रगति धीमी है तथा कार्यदायी एजेंसी निर्धारित दैनिक लक्ष्य को पूर्ण नही कर पा रही है, कार्यस्थलों पर पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन व मानको के अनुसार योजना के सभी घटकों पर समान्तर रूप से कार्य करायें तथा निर्धारित दैनिक लक्ष्य को प्राप्त करना सुनिश्चित करें, जिससे योजना को समयान्तर्गत पूर्ण किया जा सके।

<u>हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पाइप पेयजल योजना</u>

उपरोक्त योजना की घटकवार प्रगति अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नानुसार अवगत करायी गयी :–

**इन्टेकवेलः**—इस योजना के अन्तर्गत यमुना नदी पर 9 एमएलडी इन्टेकवेल का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी भौतिक प्रगति 85 प्रतिशत है, एवं पम्प हाउस के अन्तर्गत सापट एवं प्लास्टर का कार्य पूर्ण एवं पेन्टिंग का कार्य प्रगति पर है।

**डब्लू०टी०पी०:— (8 एम.एल.डी.)**

1. प्लेट एरीएटर का सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं इलेक्ट्रो–मेकेनिकल कार्य प्रगति पर है।
2. फ्लैश मिक्चर के अन्तर्गत सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
3. सी.एल.एफ. के अन्तर्गत सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
4. फिल्टर हाउस के अन्तर्गत सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं इलेक्ट्रो–मेकेनिकल कार्य प्रगति पर है।
5. केमिकल हाउस के अन्तर्गत सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं इलेक्ट्रो–मेकेनिकल कार्य प्रगति पर है।
6. मैकेनिकल वर्क –80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।
7. इलेक्ट्रो मैकेनिकल वर्क– 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

**सी०डब्लू०आर०:**—5 सी०डब्लू०आर० में से 5 सी०डब्लू०आर० में सिविल कार्य पूर्ण हो चुका है। 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है।

**ओवर हैड टैंकः**—12 ओ०एच०टी० में से 11 ओ0एच0टी0 का सिविल कार्य पूर्ण है एवं 1 नग ओ0एच0टी पर कार्य प्रगति पर है।

**रॉ–वाटर राईजिंगमेनः**—रॉ–वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 0.91 कि०मी० पाइप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 0.91 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 0.91 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है।

4



Scanned with OKEN Scanner

**क्लियर वाटर राईजिंगमेन**:–क्लियर वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 83.037 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 80.842 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 76.88 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है। कार्य की प्रगति धीमी है।

**वितरण प्रणाली**:– वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 184.372 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 184.372 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 179.36 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कार्य की प्रगति धीमी है।

**नल संयोजन**:–9636 नल संयोजन में से 6335 नल संयोजन किये गये हैं।

**हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पाइप पेयजल योजना**

उपरोक्त परियोजना की घटकवार प्रगति अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नानुसार अवगत करायी गयी

**सी०डब्लू०आर०**:–1 सी०डब्लू०आर० लक्ष्य के सापेक्ष सी०डब्लू०आर० पर पर्याप्त मैन पावर न होने के कारण कार्य आरम्भ नहीं किया गया।

**ओवर हैड टैंक**:–कुल 118 ओ०एच०टी० में से 42 पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 38 ओ०एच०टी० पर कार्य धीमी गति से चल रहा है एवं शेष पर पर्याप्त मैन–पावर न होने के कारण कार्य रुका हुआ है। कुल 62 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है।

**रॉ–वाटर राईजिंगमेन**:–रॉ–वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 7.302 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 7.302 कि०मी० पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 0.00 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है।

**वितरण प्रणाली**:–क्लियर वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 975.28 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 975.28 कि०मी० पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 918.31 कि०मी० पाइप बिछायी जा चुकी है।

**नल संयोजन**:–53504 नल संयोजन में से 49341 नल संयोजन किये गये हैं, 52 नग गॉव में कमिशनिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है।

उपरोक्त 02 नग ग्राम समूह पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा के उपरान्त यह निर्देश दिये गये:–

1– उपरोक्त 02 नग परियोजनाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देशित किया गया कि अनुबंध अन्तर्गत योजना के कार्यों को किस तरह एवं कब तक पूर्ण किया जाना है इस सम्बंध में बार–चार्ट तत्काल अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) महोबा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

2– उपरोक्त 02 नग परियोजनाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को यह भी निर्देशित किया गया कि ग्रामवार शत प्रतिशत गृह जल संयोजन करते हुये पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें एवं पाइप लाइन बिछाने में ग्रामीण क्षेत्र में जो सी.सी. रोड, सम्पर्क मार्ग, मुख्य रोड आदि को तोड़ा गया है उनका तत्काल प्रभाव से रेस्टोरेशन का कार्य तीव्र गति से कराना सुनिश्चित करें।

3– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) महोबा को निर्देशित किया गया कि रेट्रोफिटिंग के 24 नग डी.पी.आर. को एस.एल. एस.एस.सी. की बैठक में स्वीकृत हेतु जल निगम (ग्रामीण)मुख्यालय को प्रेषित करायें।

4– उपरोक्त 02 नग परियोजनाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को यह भी निर्देशित किया गया कि रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें एवं जिन ग्रामों में शत प्रतिशत गृह जल संयोजन का कार्य कराया जा चुका है उन्हें हर घर नल जल घोषित कराना सुनिश्चित करें।

5– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) महोबा एवं डी०टी०एल०, टी०पी०आई० को निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता का जॉच कराते हुए साइटों पर भ्रमण कर कार्य को तेजी से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**आई०एस०ए०**:–माह दिसम्बर में आई०एस०ए० संस्थाओं द्वारा विकास खण्ड कुरारा, सुमेरपुर, मौदहा, मुस्करा, गोहाण्ड, सरीला, राठ में महिला पुरुषों की बैठक, प्रभात फेरी, हैण्डवॉश, डोर–टू–डोर जाकर सम्पर्क, रैली आदि जनजागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न किये गये। एफ0टी0के0 किट के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं से पानी की जॉच कार्यक्रम भी आई०एस०ए० द्वारा कराया गया। आई०एस०ए० चेतना द्वारा 38 ग्राम पंचायतों में 25 महिला बैठक, 15 पुरूष बैठक, 19 हैण्डवाश कार्यक्रम, 19 प्रभात फेरी, 12 वीडब्लूएससी तथा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये है। आई०एस०ए० मे० चित्रकूट सेवा आश्रम 35 ग्राम पंचायतों में 28 महिला बैठक, 16 पुरुष बैठक, 18 हैण्डवाश कार्यक्रम, 18 प्रभात फेरी, 17 वीडब्लूएससी एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। आई०एस०ए० जीवन ज्योति एवं जन कल्याण समिति द्वारा 53 ग्राम पंचायतों में 20 महिला बैठक, 18 पुरुष बैठक, 20 हैण्डवाश कार्यक्रम, 20 प्रभात फेरी, 15 वीडब्लूएससी एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। आई०एस०ए० सोशल एक्शन एण्ड रूरल डेवलपमेन्ट एवं एडवांसमेन्ट द्वारा 80 ग्राम पंचायतों में 20 महिला बैठक, 18 पुरुष बैठक, 20 हैण्डवाश कार्यक्रम, 20 प्रभात फेरी, 15 वीडब्लूएससी एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि आई०एस०ए० द्वारा जे०जे०एम० पोर्टल पर नियमित रूप से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे जनजागरूकता कार्यक्रमों को अपलोड किया जाय तथा प्रथम फेज एवं द्वितीय फेज की गतिविधियों शीघ्र पूर्ण करायें।

**विद्युत संयोजन**:–सहायक अभियन्ता, जल निगम, वि0/यां0 (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि:–



Scanned with OKEN Scanner

1. पत्योरा डांडा ग्राम समूह सतही योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित 10 नग विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष डब्लू0टी0पी0, भैंसमरी, मिहुना, भमनी, कलौलीजार, चाँदीकलां, मकरांव, चन्द्रपुरवा बुजुर्ग पर पोल अधिष्ठापन तथा विद्युत तार लगाने का कार्य पूर्ण हो गया है।
2. छिरका में 1.20 किमी छोड़कर शेष पोल अधिष्ठापन तथा विद्युत तार लगाने का कार्य हो चुका है। पचखुरा बुजुर्ग हेतु रेलवे क्रासिंग छोड़कर शेष पोल अधिष्ठापन तथा विद्युत तार लगाने का कार्य हो चुका है।
3. हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित 68 नग विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 48 कार्यस्थलों अमगांव, बरोलीखरका, चिल्ली, बिरा, धनौरी, इटायल, कुम्हरिया, रिहुटा, टिकुर (लिंगा), कुर्रा, पथखुरी, कुल्हेन्दा, टिकरीया, जमखुरी, जिगनी, रहंक सरसई, चुरहा, बरायल, बरदा एवं दादरी, धमना, इकठौर एवं बिलरख, नौहाई, उडेरा, टोलारावत, बिलगांव, इस्लामपुर, बरहरा, झिटकरी डांडा, करियारी, कुपारा, गहरौली, कन्धौली, मसगांव, नहदौरा, झिटकरी, न्यूरिया एवं नीम का डेरा, धगवां, इटौरा राठ, कैथा एवं चन्दौरा में विद्युत संयोजन किया जा चुका है तथा शेष पर कार्य प्रगति पर है।
4. हरौलीपुर ग्राम समूह सतही योजना के अन्तर्गत 6 नग विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 5 नग हेतु विद्युत पोल अधिष्ठापन तथा विद्युत तार लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। पचखुरा में विद्युत पोल अधिष्ठापित किये जा चुके है विद्युत तार लगाने का कार्य प्रगति पर है।
5. पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 10 नग मीटर रूम के सापेक्ष 06 नग मीटर रूम का कार्य पूर्ण तथा शेष पर कार्य प्रगति पर है।
6. हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजनान्तर्गत 06 नग मीटर रूम के सापेक्ष सभी पर सिविल कार्य पूर्ण।
7. पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 10 नग पंप हाउस के सापेक्ष 04 नग का कार्य पूर्ण तथा 01 पर कार्य प्रगति पर है।
8. हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजनान्तर्गत 05 नग पंप हाउस के सापेक्ष 04 नग का सिविल कार्य पूर्ण।
9. हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पेयजल योजनान्तर्गत 118 नग पंप हाउस के सापेक्ष 29 नग का सिविल कार्य पूर्ण तथा 42 कार्यस्थलों पर वर्तमान में कार्य प्रगति पर है।

अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0), जल निगम ग्रामीण, चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (सतही एवं नलकूप) के अन्तर्गत 53 विद्युत संयोजन तथा पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 10 विद्युत संयोजनों का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है, जिन्हें विद्युत सुरक्षा निदेशालय की लिखित अनुमति प्राप्त होने के पश्चात ऊर्जीकृत किया जाना है। जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत सुरक्षा निदेशालय से सभी 10 नग विद्युत संयोजनों हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन किया जा चुका है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0 तथा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया गया कि किये गये सभी विद्युत कनेक्शन हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्राप्त कर अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0, जल निगम ग्रामीण, चित्रकूट को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**एन0ओ0सी0:**–अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह सतही/भूजल योजना वन विभाग–प्रपोजल फाइल नोडल लखनऊ स्तर से अप्रूवल हो गया है तथा अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु आवश्यक धनराशि एडॉक कैम्पा, नई दिल्ली के खाते में जमा करने के लिए कार्यदायी एजेंसी को निर्देशित किया जा चुका है। पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना हेतु हमीरपुर के अन्तर्गत आने वाले वन क्षेत्र हेतु 10111242/–कार्यदायी फर्म के द्वारा एडॉक कैम्पा, नई दिल्ली के खाते में 09.01.2023 को जमा किया जा चुका है, महोबा क्षेत्र के अन्तर्गत 2428180/–रू0 एडॉक कैम्पा, नई दिल्ली के खाते में जमा करने के लिए निर्देशित किया जा चुका है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे–कार्यदायी संस्था को यूपीडा लखनऊ से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु लाइसेन्स फीस 291083 रू0 एवं परफार्मेन्स सिक्यूरिटी 1981122 रू0 जमा किया जा चुका है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे–फाइल सी0ई0ओ0 यूपीडा लखनऊ के स्तर पर लाइसेन्स फीस एवं परफार्मेन्स सिक्यूरिटी मूल्यांकन हेतु पहुँच गया है। पी0एम0सी0, हमीरपुर को निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा शासकीय भवनों जो पूर्व में किसी अन्य योजना, उ0प्र0 प्रोजेक्टस कोऑपरेशन लि0 (यू0पी0पी0सी0एल0) अथवा जल जीवन मिशन से आच्छादित नही हुए हैं, उनका विवरण प्राथमिकता के आधार पर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करा दें। उपरोक्त विवरण उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी, हमीरपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी तथा ए0डी0ओ0 (पंचायती राज) को आवश्यक निर्देश दिये गये।

Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जेवी), जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0–एस0पी0एम0एल0(जेवी) तथा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा को निर्देशित किया गया कि सभी नल संयोजन घरों के अन्दर कराया जाय। प्रयास किया जाय कि जिस गॉव में कार्य प्रारम्भ किया जाय, उस गॉव में शत–प्रतिशत कनेक्शन देते हुए हर घर जल करने के उपरान्त ही टीम उस गॉव को छोड़ें तथा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य सम्पादन में जो सड़क/सी.सी. रोड़/गलियां छतिग्रस्त हो गयी हों, उनके पुर्ननिर्माण का कार्य पूर्व की स्थिति के अनुसार सम्पन्न हो गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला विकास अधिकारी, हमीरपुर/अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, हमीरपुर को निर्देश दिये गये कि जिन राजस्व ग्रामों FHTC का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, सत्यापन करा लिया जाय कि राजस्व ग्राम के सभी परिवारों में गृह नल संयोजन दिये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कोई भी परिवार छूटा नही है तथा राजस्व ग्राम के सभी मोहल्ला/गली/वार्ड रोड–रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा यदि कोई ग्राम छूटा हो तो उसकी सूची उपलब्ध करायें।

**पुनर्गठन के 24 ग्रामीण पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0:–**उपरोक्त 02 नग परियोजनाओं के अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया पूर्व में निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं में शतप्रतिशत गृह जल संयोजन दिये जाने हेतु पुनर्गठन के अन्तर्गत 24 नग डी.पी.आर. विरचित किये गये जो निम्नवत् है–

| क्र.सं. | विकासखण्ड का नाम | पेयजल योजना का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | संचालन एवं अनुरक्षण की लागत (दस वर्षों के लिये) (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुमेरपुर | छानीखुर्द ग्राम पेयजल योजना | 452.88 | 102.23 |
| 2 | राठ | गिरवर ग्राम पेयजल योजना | 291.00 | 65.69 |
| 3 | मौदहा | अरतरा ग्राम पेयजल योजना | 358.36 | 80.89 |
| 4 | मौदहा | रिसोलर ग्राम पेयजल योजना | 546.78 | 123.43 |
| 5 | सरीला | बीलपुर ग्राम पेयजल योजना | 275.12 | 62.10 |
| 6 | सरीला | पचखुरा ग्राम पेयजल योजना | 208.43 | 47.05 |
| 7 | सुमेरपुर | पचखुरा बुजुर्ग ग्राम पेयजल योजना | 354.17 | 79.95 |
| 8 | कुरारा | कुसुमरा ग्राम पेयजल योजना | 483.61 | 109.16 |
| 9 | मुस्करा | गुंदेला ग्राम पेयजल योजना | 313.25 | 70.71 |
| 10 | सरीला | मामना ग्राम पेयजल योजना | 531.93 | 120.00 |
| 11 | मौदहा | करहिया ग्राम पेयजल योजना | 411.63 | 92.91 |
| 12 | सरीला | जलालपुर ग्राम पेयजल योजना | 201.49 | 45.48 |
| 13 | कुरारा | पतारा डांडा ग्राम पेयजल योजना | 658.90 | 148.74 |
| 14 | सुमेरपुर | छानीबुजुर्ग ग्राम पेयजल योजना | 482.79 | 108.98 |
| 15 | राठ | टूका ग्राम पेयजल योजना | 192.63 | 43.48 |
| 16 | मौदहा | कुनेहटा ग्राम पेयजल योजना | 181.40 | 40.95 |
| 17 | गोहाण्ड | इटैलिया बाजा ग्राम पेयजल योजना | 383.28 | 86.52 |
| 18 | सरीला | जरिया ग्राम पेयजल योजना | 415.59 | 93.81 |
| 19 | सरीला | बहेड़ी ग्राम पेयजल योजना | 562.87 | 127.06 |
| 20 | राठ | सरगांव ग्राम पेयजल योजना | 152.99 | 34.54 |
| 21 | सरीला | खण्डौत ग्राम पेयजल योजना | 281.41 | 63.52 |
| 22 | सरीला | गनकेहरी ग्राम पेयजल योजना | 204.72 | 46.21 |
| 23 | राठ | लिधौरा ग्राम पेयजल योजना | 152.67 | 34.46 |
| 24 | मुस्करा | छानी ग्राम पेयजल योजना | 160.13 | 36.14 |



Scanned with OKEN Scanner

उक्त 24 नग डी.पी.आर. को स्वीकृत कर जल निगम(ग्रामीण) मुख्यालय प्रेषित किया जाना है, जिस पर निर्णय लिया गया कि 24 नग डी.पी.आर. को जल निगम (ग्रामीण) मुख्यालय प्रेषित किया जाये। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा को निर्देशित किया गया कि प्राथमिकता पर शेष बचे हुए ग्रामों की डी0पी0आर0 को विरचित कराकर एक सप्ताह के अन्दर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को भेजना सुनिश्चित करें।

अन्त मे सभी को धन्यवाद देते हुये जिलाधिकारी महोदय की अनुमति से बैठक समाप्त की गयी।

18/01/23

(सन्देश सिंह तोमर)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
हमीरपुर।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), महोबा

पत्र संख्या– 59 / m-13 / 04 दिनांक– 18-01-2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ। (ई–मेल)
2. अधिशासी निदेशक महोदय, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ।(ई–मेल)
3. जिलाधिकारी महोदय, हमीपुर।
4. मुख्य चिकित्साधिकारी, हमीरपुर।
5. प्रभागीय वनाधिकारी, हमीरपुर।
6. मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर।
7. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), हमीरपुर।
8. मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ। (ई–मेल)
9. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
10. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हमीरपुर।
11. जिला पंचायत राज अधिकारी, हमीरपुर।
12. अधीक्षण अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ।(ई–मेल द्वारा)
13. अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), चित्रकूट।
14. सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0(आर0वी0 एसोसिएट्स)/टीम लीडर, टी0पी0आई0(सेन्सिस टेक लि0) हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि योजना का सतत पर्यवेक्षण करते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन व गुणवत्ता मानकों को लागू कराना सुनिश्चित करें।
15. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जेवी), हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
16. जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0–पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जेवी), हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
17. स्टेट हेड, पी0एन0सी0/जे0डब्लू0आई0एल0। (ई–मेल द्वारा)

18/01/23

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
हमीरपुर।

Scanned with OKEN Scanner